


# कच्छप गति से हो रहा बिरहुली रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्माण

## अनुबंध की अवधि हुई समाप्त, जारी है एक्सटेंशन का खेल

नवभारत न्यूज

**सतना 15 मई. सतना-सेमरिया मार्ग पर बिरहुली यार्ड में निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज क्र. 2 का पूरा हो पाना स्थानीय रहवासियों के लिए अब एक स्वप्न साबित होने लगा है. आलम यह है कि निर्माण अनुबंध की समयावधि समाप्त हो चुकी है. लेकिन अपेक्षित गति से निर्माण कार्य नहीं होने के कारण अब एक्सटेंशन के जरिए मामले को और अधिक लंबा खींचने का प्रयास जारी है.**




सतना-सेमरिया मार्ग पर बिरहुली यार्ड में रेलवे ओवर ब्रिज क्र. 2 के निर्माण कार्य को नवंबर 2025 में पूरा हो जाना चाहिए था. लेकिन निर्धारित समयावधि के 6 माह बाद भी न सिर्फ निर्माण कार्य लटका हुआ है बल्कि उसमें अपेक्षित गति भी नजर नहीं आ रही है. रेलवे से जुड़े इस प्रोजेक्ट में हो रही लेट-लतीफी के कारण एक ओर जहां रेलवे की छवि प्रभावित हो रही है वहीं दूसरी ओर स्थानीय रहवासियों की समस्या कई गुना अधिक बढ़ गई हैं. स्थानीय रहवासियों के अनुसार रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं होने के कारण राहगीरों को 8 किमी का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है. इतना ही नहीं बल्कि इस दौरान नैना-सगमनिया मार्ग के खस्ताहाल होने के कारण उन्हें खासी परेशानियों का सामाना करना पड़ता है. स्थानीय रहवासी पिछले काफी समय से इस रेलवे ओवर का निर्माण पूरा होने का इंतजार करते आ रहे हैं. लेकिन जिस गति से निर्माण कार्य जारी है उसे देखते लग रहा है कि अगले 2 वर्ष तक और इंतजार करना पड़ेगा. लिहाजा इस लंबे होते इंतजार और रोजमर्रा की समस्यायों के चलते स्थानीय रहवासियों का आक्रोश बढ़ने लगा है.

### पीडब्लूडी की निगरानी

बिरहुली क्र. 2 रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य की लागत 2955 .97 लाख रु आंकी गई है. लोक निर्माण विभाग की निगरानी में हो रहे इस कार्य की अनुबंध अवधि 26 सितंबर 2023 को आरंभ हुई थी. वहीं 26 माह में निर्माण कार्य पूरा हो जाना है. लेकिन अनुबंध अवधि को पूरा हुए 6 माह से अधिक का समय बीत चुका है. लेकिन इसके बावजूद भी कार्य में अपेक्षित गति नजर नहीं आ रही है. जिसे देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि एक्सटेंशन के जरिए इस मामले को और लंबा खींचने की तैयारी चल रही है.

# बंद कमरे में मिली युवक-युवती की लाश, मचा हड़कम्प

## परिजन युवती से पूरी तरह अपरिचित, मृतक सीएनजी प्लांट में कर्मचारी

नवभारत न्यूज

**सतना, , 15 मई. स्थानीय बढ़ईया टोला स्थित मकान के एक ही कमरे में युवक युवती की लाश मिलने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया है. देर शाम हुए इस खुलासे से परिजन भी सख्ते में हैं वहीं दूसरी ओर आसपास के रहवासी भी घटनाक्रम को लेकर कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हैं.**



मिली जानकारी के अनुसार कोलगवां थाने के अन्तर्गत बढ़इया टोला क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे बेला सेमरिया निवासी अम्बिकेश गौतम पिता रामकलेश गौतम की लाश कमरे की ठाठ में फांसी पर झूलती मिली. उसी के पास कोतमा निवासी वर्ग-1 की शिक्षिका पूनम अहिरवार पिता शिवकुमार अहिरवार उम्र 29 वर्ष का लथपथ शव कमरे में रखे बेड से बरामद हुआ. इस घटना की सूचना मृतक के भाई ने देर शाम कोलगवां पुलिस को दी. सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह व कोलगवां के नगर निरीक्षक सुदीप सोनी मौके पर पहुंचे. घटना के संदर्भ में प्राथमिक तौर पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने की वजह से फोरेंसिक अधिकारी डा. महेन्द्र सिंह को भी घटना स्थल की जांच के लिए बुलाया गया. मृतक के भाई का कहना है कि कमरे में मिली युवती के बारे में उसके पास कोई जानकारी नहीं है. वह 8 मई को पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गांव चला गया था. इसके बाद गांव से अकेले ही बड़ा भाई अब्रिकेश लौटा .गांव से सीधे मामा के यहां आयोजित बरहो कार्यक्रम में शामिल होने चला गया. दूसरे दिन सुबह जब कमरे पहुचा तो बाहर से ताला लगा मिला. ऐसी स्थिति में सीधे कालेज चला गया शाम को भी जब ताला लगा मिला तो उसे कुछ संदेह हुआ ऐसी स्थिति में किसी तरह से बाहर का ताला खोल लिया और अंदर से बंद कुंडी उससे नहीं खुल पाई. लेकिन अंदर कूलर चलने की आवाज आ रही थी ऐसी स्थिति में उसने पुलिस को फोन कर घटनाक्रम की जानकारी दी. पुलिस मामले की जांच कर रही हैं. अभी कुछ भी कह पाने की स्थिति में नहीं है.

## कोठी-रैगांव कॉलेज को मिलेगा अपना भवन

**सतना 15 मई.** सतना जिले के कोठी और रैगांव में संचालित शासकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण के लिए नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार से भेंटकर मांग पत्र सौपा है। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा उच्च शिक्षा मंत्री को बताया कि रैगांव विधानसभा क्षेत्र के कोठी और रैगांव में महाविद्यालय तो शुरू हो चुके हैं, लेकिन आज तक उनके स्थायी भवन नहीं बन पाए हैं।

# रेलवे लाइन पर मिला अज्ञात युवक का शव, पहचान में जुटी जीआरपी

नवभारत न्यूज

**सतना 15 मई. मुख्यारगंज रेलवे फाटक के निकट अप लाइन पर एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. शव के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके. जिसे देखते हुए जीआरपी द्वारा मृतक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं.**

जीआरपी उप थाना प्रभारी राजेश राज से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन प्रबंधन द्वारा जारी मेमो के आधार पर इस बात की जानकारी मिली कि रेलवे लाइन पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है. जिसे देखते हुए जीआरपी की टीम मौके पर पहुंच गई. मुख्यारगंज रेलवे फाटक के निकट अप लाइन पर किमी क्र. 1180-38 के बीच एक युवक का शव पड़ा नजर आया. मृतक के संबंध ममें आस पास के लोगों से जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया. लेकिन कोई भी उसकी पहचान नहीं कर सका. जिसे देखते हुए शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मर्चरी में भेज दिया गया. जीआरपी चौकी प्रभारी के अनुसार मृतक की पहचान करने के लिए आस पास के थानों के जरिए जानकारी जुटाने के साथ-साथ सोशल मीडिया का सहारा भी लिया जा रहा है. मृतक की उम्र 30-35 वर्ष के बीच और लंबाई 5 फीट 6 इंच बताई गई.

### झुकेही में भी मिला शव

सतना-कटनी रेलमार्ग पर झुकेही-पकरिया रेलवे ट्रैक पर भी शुक्रवार की दोपहर एक व्यक्ति का शव पाया गया. घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची अमदरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए जांच शुरु कर दी. पुलिस द्वारा मृतक की पहचान करने का प्रयास किया गया. लेकिन स्थानीय स्तर पर उसकी पहचान नहीं हो सकी. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा अन्य थानों में सूचना भेजने सहित सोशल मीडिया के जरिए मृतक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं.

# अतिथि विद्वानों के सहारे चल रहा है पॉलीटेक्निक कॉलेज

## पैंतीस साल पुराने कॉलेज की यह स्थिति, 11 अतिथि विद्वान दे रहे बच्चों को शिक्षा

नवभारत न्यूज

**सतना, 15 मई. प्रदेश में औद्योगिक विकास के चलते तीसरे स्थान पर राजस्व देने वाले सतना जिले के एकमात्र तकनीक शिक्षा विभाग के माध्यम से संचालित 35 वर्ष पुराने पॉलीटेक्निक कॉलेज की शिक्षण व्यवस्था वर्तमान में अतिथि विद्वानों के सहारे चल रही हैं।**




उल्लेखनीय है कि शिक्षा में रोजगार को जोड़ने के प्रयास राष्ट्रीय स्तर पर भले ही देर से हुए हो। पर प्रदेश सरकार ने इस जिले में शिक्षा के साथ तकनीक का ज्ञान देने के लिए वर्षों पहले टेक्निकल स्कूल संचालित किया था इसके बाद जिले के लोगों के भारी मांग पर 1990 में पॉलीटेक्निक कॉलेज की स्थापना की गई। इन 35 वर्षों में पॉलीटेक्निक कॉलेज में ब्रांच बढ़ी तो नहीं पर पुराने की जगह पर कुछ नई ट्रेंड शुरू हुई। वर्तमान में एक वर्ष में 240 छात्रों को 4 ट्रेंड मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सीमेंट टेक्नोलोजी और कंप्यूटर साइंस में प्रवेश दिया जाता है। तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले 720 विद्यार्थियों के लिए कुल 23 शिक्षकीय स्टाफ है। विडंबना यह है कि गणित के शिक्षक का पद स्थायी शिक्षक के सेवानिवृत्त होने के बाद से रिक्त है वर्तमान में सबासातसौ छात्रों का भविष्य 11 स्थाई शिक्षकों के सहारे है। शेष स्थाई पदों पर 11 अतिथि विद्वान शिक्षकों के जिम्मे है। व्यवस्था के दृष्टि से जर्जर हो रहे भवन के हालात वर्षों से जस के तस है। महाविद्यालय में छात्रों की उपस्थिति व प्रायोगिक कार्य मनमौजी व्यवस्था से चल रहा है।

### हर संभव प्रयास किये जा रहे : कमला

महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य कमला अग्रवाल का कहना है कि कॉलेज की कमियों के संदर्भ में कई बार शासन स्तर पर पहल की गई है। समय - समय पर स्थानीय स्तर से भी संसाधन जुटाने के प्रयास किए गए है। छात्रों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिल सके। इसका पूरा प्रयास किया जाता है।

# बढ़ी कीमतों के विरोध में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सतना, 15 मई. जिला महिला कांग्रेस ने शुक्रवार को जिला प्रभारी प्राची शुक्ला के नेतृत्व सिविल लाइन स्थित पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल और डीजल के ब?ाये गए दामों के विरोध मे प्रदर्शन किया द्य**




प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष डॉली चौरसिया ने कहा की वैसे ही हमारा देश और प्रदेश महंगाई की मार से दबा हुआ है और ऐसे मे पेट्रोल और डीजल की दाम वृद्धि से ट्रांसपोर्टेशन ब?गा और महंगाई की चौतर?ा मार देश वासियों को झेलनी प?गी और महिलाओं के घर चलाने का बजट बुरी तरह हिल गया है। इस महंगाई के विरोध में महिला कांग्रेस स?कों पर उतर कर आंदोलन करेंगी द्य कार्यक्रम मे विशेष रूप से कल्पना वर्मा, डा रश्मि सिंह, हेमलता सिंह, आरती सिंह, सविता अग्रवाल, चंद्रप्रभा मिश्रा, रजनी तिवारी, प्रभा बागरी, श्रीमती ?ातिमा, सुनीता साकेत, खुसबू साकेत, पूनम गुप्ता, सीमा सिंह, रानी कुशवाहा, अदिति पाण्डेय, श्रेया पाण्डेय, संगीता चौरसया, शिवानी कोल, शशि कला कोल, अनीता, रामवाती, सुनीता कोल, ज्योति कोल, संध्या कुशवाहा, संजीव अग्रवाल, नागेश्वर मिश्रा, के के कुशवाहा शहर प्रवक्ता अमित गोयल आदी उपस्थित हुए.




# जिले को मिली 50 मेगावाट सौर ऊर्जा पार्क की सौगात

## प्रतिमा ने नवकरणीय ऊर्जा मंत्री से भेंट की

नवभारत न्यूज

**सतना 15 मई. नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के प्रयासों से सतना जिले को 50 मेगावाट सौर ऊर्जा सह ऊर्जा भण्डारण पार्क परियोजना की सौगात मिली है। परियोजना की स्वीकृति मिलने पर राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला से भेटकर सतना जिले को 50 मेगावाट सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण परियोजना की स्वीकृति मिलने पर आभार व्यक्त किया।**

प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को पूरा करने के लिए मंत्रि परिषद के निर्णय अनुसार सतना जिले में 300 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना (4 घंटे ऊर्जा भंडारण सहित), 300 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना (6 घंटे ऊर्जा भंडारण सहित) तथा 200 मेगावाट 24 घंटे उपलब्धता वाली सौर ऊर्जा परियोजना हेतु मंजरी दी गई है। मध्यप्रदेश के सतना जिले में 50 मेगावाट सौर ऊर्जा सह ऊर्जा भण्डारण पार्क परियोजना का विकास किया जायेगा।

### रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर को मिला चयन का अधिकार

सौर पार्क के विकास एवं परियोजना डेवलपर्स के चयन हेतु रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर को सौर ऊर्जा पार्क विकासक के रूप में नियुक्त किया गया है। यह परियोजना सतना के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे, उद्योगों एवं निवेश को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्रीय विकास एवं आधारभूत सुविधाओं में सुधार आएगा। ऊर्जा भंडारण तकनीक के माध्यम से अधिक स्थिर एवं प्रभावी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी.

# प्रभारी मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से ली कोर ग्रुप की बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना, 15 मई. प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शुक्रवार को भाजपा कोर ग्रुप की बैठक को वर्चुअल के माध्यम से सम्बोधित किया।**





संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे, जिला संगठन प्रभारी जी.एस. ठाकुर, जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय, नगरीय विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी, विनोद यादव की मौजूदगी मे आयोजित हुई कोर ग्रुप की बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जिले के विकास के सम्बन्ध मे महत्वपूर्ण चर्चा की।

बैठक को सम्बोधित करते हुए संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे ने कहा कि दल के विचारो को धरातल पर उतारने मे पार्टी कार्यकर्ताओ की एक अहम भूमिका होती है। उन्होने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से किये जाने वाले हर कार्य पार्टी संगठन की मजबूती मे मील के पत्थर का काम करते है। उन्होने कहा कि हमारा संगठन हमे यह सिखाता है कि हम अपने पद के कारण न जाने जाये बल्कि अपने कार्य के आधार पर पहचाने जाये। उन्होने कहा कि हमारी पार्टी मे अनुशासन सर्वोपरि है और हर कार्यकर्ता को इसका पालन करना चाहिए। श्री दुबे ने मण्डल अध्यक्षो एवं मण्डल प्रभारियों से चर्चा करते हुए मण्डल की बैठको के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देष दिये। उन्होंने कहा कि मण्डल में होने वाली बैठके पार्टी संगठन का अहम हिस्सा है और इन बैठकों में उपस्थिति सत प्रतिशत होनी चाहिए।

## चुनाव खत्म वसूली चालू : अमित

**सतना. 15 मई.** चुनाव खत्म होते ही केंद्र सरकार का असली चेहरा सामने आ गया है। चुनाव खत्म लूट चालू । 15 मई 2026 को चुनाव संपन्न होने के तुरंत बाद केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में वृद्धि के बाद जनता में चिंता देखी जा रही है। जनता ने वोट दिया और इनाम में उन्हें पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की महंगी कीमतों का %तोहफा% मिला है। इन बढ़ाई गई कीमतों के कारण महंगाई की मार और बढ़ जाएगी आवागमन और परिवहन महंगा हो जाएगा जिसका बुरा प्रभाव रोजमर्रा की जरूर वाली चीजों पर पड़ेगा।

# टॉप 10 प्रगणकों को निगमायुक्त ने किया सम्मानित



नवभारत न्यूज

**सतना, 15 मई. प्रथम चरण की जनगणना 2027 का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करने और उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों को शुक्रवार को निगमायुक्त शेर सिंह मीणा द्वारा सम्मानित किया गया।**

निगम क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 01 के बेस्ट परफार्मेंस अर्थात टॉप 10 प्रगणकों को नगर निगम कमिश्नर ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निगमायुक्त ने कहा कि सभी प्रगणको को इनसे सीख लेना चाहिये की कैसे समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण किया जाए। पुरुस्कार और प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले प्रगणकों में विनय कुमार कनौजिया, सतीश कुमार गुप्ता, अनीता मिश्रा, किरण पाठक, उदयपाल सिंह, शकुंतला चौरसिया, सुरेंद्र कुमार कोल, वर्षा त्रिपाठी, प्रीति कुशवाहा, श्रद्धा सिंह। यह सम्मान समारोह जोन क्रमांक 01 के जोन अधिकारी दीपक बागरी द्वारा आयोजित किया गया।

## एक नजर में



### मनीष को मिली पीएचडी उपाधि

**सतना।** ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना के पर्यावरण एवं जीवन विज्ञान क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शोध कार्य के अंतर्गत शोधार्थी डॉ. मनीष कुशवाहा को सतना ज़िला, मध्य प्रदेश में पेयजल और सिंचाई के उद्देश्यों हेतु भूजल गुणवत्ता का मूल्यांकन विषय पर सफल शोध पूर्ण करने पर पीएच.डी. उपाधि प्रदान की गई। यह शोध कार्य डॉ. रामलखन सिंह सिकरवार के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस शोध में सतना जिले के विभिन्न क्षेत्रों के भूजल स्रोतों का वैज्ञानिक परीक्षण कर पेयजल एवं सिंचाई के दृष्टिकोण से उनकी गुणवत्ता का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

### कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**सतना,** । स्वर्गीय लवकुश प्रसाद गुप्ता की पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ आज शुक्रवार 15 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। प्रात: 7-00 बजे बिहारी जी मंदिर, बिहारी चौक से कलश यात्रा कथा आयोजन स्थल गौशाला चौक स्थित श्री ओमकार पैलेस पहुंची जहां श्रीमद्भागवत कथा पीठ की स्थापना की गई। कलश यात्रा में महिलाएं एवं पुरुष पीत वस्त्र धारण किए हुए नाचते गाते हुए हर्षित थे।

### पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का मशाल जुलूस आज

**सतना.** नीट परीक्षा के पेपर लीक एवं परीक्षा रद्द किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सतना 16मई को शाम 7-00 बजे पुष्करणी पार्क से जस्तम चौक सतना तक मशाल जुलूस निकालेगी। जिले के सभी कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मशाल जुलूस में अनिवार्य रूप से शामिल हों। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर के प्रवक्ता अमित गोयल ने दी है।



### श्री संतधाम से निकली भव्य पैदल आगाज यात्रा

**सतना ।** सिन्धी कॉलोनी स्थित श्री संतधाम उदासीन आश्रम में 17 मई से प्रारंभ होने जा रहे दिव्य एवं भव्य भक्ति अमृत महोत्सव के पूर्व, 15 मई 2026 को विशाल आगाज यात्रा का आयोजन किया गया। आश्रम के सेवादारी विनोद गेलानी ने आगाज यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा इस आगाज यात्रा का मुख्य उद्देश्य 17 मई से प्रारंभ होने वाले भक्ति अमृत महोत्सव को जन जन तक पहुंचना है. जिससे श्रद्धालुगण इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का लाभ प्राप्त करे यह आगाज यात्रा श्री संतधाम आश्रम से प्रारंभ होकर सिन्धी कॉलोनी एवं स्टेशन रोड अस्पताल चौक पन्नीलाल चौक बिहारी चौक जयस्तम चौक होते हुए सिटी कोतवाली के पास संपन्न हुई।

# माइक्रो प्लान बनाकर गांव में पेयजल पहुंचाने की समय-सीमा तय करें : राधा

## जनगणना में समय से पूर्व काम पूरा करने वाले प्रगणकों को दिए प्रशस्ति पत्र, प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

**मैहर 15 मई. मध्यप्रदेश शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि सतना बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत लक्षित गांव में प्रत्येक गांव की माइक्रो योजना बनाकर पेयजल पहुंचाने की समय-सीमा तय करें।**



प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में जनगणना, उपार्जन, मां शारदा के प्रथम चरण, जल गंगा संवर्धन अभियान और जल निगम के कार्यों की समीक्षा की गई। जल निगम की सतना बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा में बताया गया कि 1135 करोड रूपये लागत की योजना में सतना और मैहर जिले के 980 ग्राम शामिल किये गये है। जिनमें सतना जिले के 420 और मैहर जिले के 560 गांव शामिल है। योजना की भौतिक प्रगति 95 प्रतिशत है और मैहर जिले के 136 गांव में पेयजल का पानी दिया जा रहा है। इस योजना में मैहर जिले के अमरपाटन के 170, रामनगर के 166 और मैहर के 224 गांव तथा सतना जिले के उचेहरा के 211 तथा रामपुर बघेलान के 209 गांव में हर घर नल से जल पहुंचाया जायेगा। योजना को 31 दिसम्बर 2026 तक पूर्ण करने की तिथि संभावित है। उपार्जन कार्य की समीक्षा में बताया गया कि मैहर जिले में 42 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये है। जिनमें 4 उपार्जन केन्द्र स्व-सहायता समूह को दिये गये हैं। इन उपार्जन केन्द्रों में 20596 किसान पंजीकृत है। जिनमें से 12695 किसानों का 70 हजार 997 मे. टन गेहूं खरीदा जा चुका है।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, डीएफओ विद्याभूषण मिश्रा, अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

CMYK